भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1100
दिनांक 27 जून , 2019 / 6 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानपत्तनों पर सामान की चोरी**

**1100. श्री जी°एम° सिद्देश्वरा:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विभिन्न विमानपत्तनों पर यात्रियों के सामान से महंगी वस्तुओं की चोरी दर्ज की गई है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विमानपत्तन-वार कितनी शिकायतें प्राप्त की गई हैं;

(ग) प्रत्येक शिकायत पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और चोरी हुई वस्तुओं के लिए कितना मुआवज़ा दिया गया है;

(घ) क्या विमानपत्तनों के सुरक्षा कर्मियों और स्टॉफ की संलिप्तता का पता लगा है;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है; और

(च) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी चोरी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) : जी हाँ।

(ख) हवाईअड्डा निदेशक/ हवाईअड्डा सुरक्षा कर्मचारी/ स्थानीय पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2016, 2017, 2018 और वर्तमान वर्ष 2019 के दौरान पुलिस को प्राप्त/के पास दर्ज चोरी के मामलों का विवरण, अनुबंध – क पर उपलब्ध हैं।

(ग) से (च) : चोरी की घटनाएं कानून एवं व्यवस्था का मुद्दा है, जो राज्य का विषय है। जब और जहां ऐसी घटनाएं ध्यान में आती हैं, स्थानीय पुलिस के पास शिकायत दर्ज की जाती है, जो आगे की कार्रवाई करती है और नागर विमानन मंत्रालय ऐसे आंकड़ों/ जानकारी का रख-रखाव नहीं करता है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), जो देश में नागर विमानन सुरक्षा का नियामक प्राधिकरण है, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समय-समय पर आवश्यक अनुदेश जारी करता है।

*****

**अनुबंध - क**

**हवाई अड्डों पर बैगेज चोरी के संबंध में 27.06.2019 को लोकसभा के मौखिक प्रश्न संख्या 1100 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न हवाई अड्डों पर दर्ज / पंजीकृत चोरी के मामलों का विवरण**

| क्रम सं. | एयरपोर्ट | वर्ष 2016 | वर्ष 2017 | वर्ष 2018 | वर्ष 2019 (मई 2019 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोलकाता | -- | -- | 03 | -- |
| 2. | दिल्ली | 34 | 34 | 28 | 22 |
| 3. | मुंबई | 17 | 10 | 18 | 07 |
| 4. | हैदराबाद | 11 | 15 | 06 | -- |
| 5. | अमृतसर | 01 | -- | -- | -- |
| 6. | जम्मू | 01 | -- | -- | -- |
| 7. | कोचीन | -- | -- | -- | 01 |
| 8. | देहरादून | -- | -- | -- | 01 |
| 9. | चेन्नई | -- | -- | 01 | -- |
| | कुल | **64** | **59** | **56** | **31** |